**उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,**
**पिकप भवन, तृतीय तल, गोमतीनगर,**
**लखनऊ – 226010**

**संख्या- 172 /09/कम्प्यूटर अनुभाग (बारह)/2023-25/01-परीक्षा/2023**

लखनऊ : दिनांक : 17 अक्टूबर, 2025

**आवश्यक सूचना**

आयोग के विज्ञापन संख्या-01-परीक्षा/2023, ग्राम पंचायत अधिकारी मुख्य परीक्षा (प्र०अ०प०-2022)/01 के अंतर्गत पंचायतीराज विभाग, उ०प्र० के नियंत्रणाधीन ग्राम पंचायत अधिकारी के कुल रिक्त 1468 पदों पर चयन हेतु भारत के नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए थे, जिसमें ऑनलाइन आवेदन सबमिट करने की अंतिम तिथि 12.06.2023 थी । प्रश्नगत विज्ञापन के अंतर्गत लिखित परीक्षा दिनांक 27.04.2025 को आयोजित की गयी थी।

उल्लेखनीय है कि प्रश्नगत विज्ञापन के अंतर्गत रिक्त 1468 पदों के सापेक्ष लिखित परीक्षा के स्कोर के आधार पर अर्हता/अभिलेख परीक्षण हेतु अर्ह पाये गये कुल 6113 अभ्यर्थियों का परिणाम एवं कट-ऑफ अंक मा० आयोग द्वारा अनुमोदित किया गया है।

**अर्हता / अभिलेख परीक्षण हेतु अर्ह अभ्यर्थियों का उक्त परिणाम अंतिम चयन परिणाम नहीं है। अतएव अर्हता/अभिलेख हेतु घोषित इस परिणाम में सम्मिलित होने के आधार पर अंतिम चयन हेतु किसी प्रकार का दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा। चयन सम्बन्धी अंतिम परिणाम अर्हता / अभिलेख परीक्षण के उपरांत यथासमय घोषित किया जायेगा।**

प्रश्नगत विज्ञापन की लिखित परीक्षा के स्कोर के आधार पर अर्हता / अभिलेख परीक्षण हेतु अर्ह उक्त 6113 अभ्यर्थियों के अर्हता / अभिलेख परीक्षण कार्यक्रम की विस्तृत सूचना पृथक से आयोग की वेबसाइट पर प्रकाशित की जायेगी।

तदनुक्रम में सम्बन्धित अभ्यर्थियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि विज्ञापन संख्या-01-परीक्षा/2023, ग्राम पंचायत अधिकारी मुख्य परीक्षा (प्र०अ०प०-2022)/01 की लिखित परीक्षा के स्कोर के आधार पर अर्हता / अभिलेख परीक्षण हेतु अर्ह पाये गये 6113 अभ्यर्थियों का परिणाम तथा गोपन अनुभाग के पत्र संख्या-1120/गोपन/01/07/2023/2025, दिनांक 17.10.2025 द्वारा संसूचित उक्त परिणाम से संबन्धित कट ऑफ अंक (01 पृष्ठ) यथावत आयोग की वेबसाइट upsssc.gov.in पर अपलोड कर दिये गये हैं। सम्बन्धित अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट के Home Page पर उपलब्ध Results Segments पर जाकर वांछित प्रविष्टियां अंकित कर अपना परिणाम ऑनलाइन देख सकते हैं।

संलग्नक- यथोपरि।

17/10/25

(अवनीश सक्सेना)
सचिव।

Amit (Anoop)

**उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग**
**पिकप भवन, तृतीय तल, गोमतीनगर, लखनऊ।**

संख्याः– 1120 /गोपन/01/07/2023/2025
लखनऊः दिनांक 17 अक्टूबर, 2025

**प्रभारी अनुभाग अधिकारी,**
**कम्प्यूटर अनुभाग।**

विज्ञापन संख्या–01–परीक्षा/2023, ग्राम पंचायत अधिकारी मुख्य परीक्षा–(प्र0अ0प0–2022)/01 के अंतर्गत पंचायतीराज विभाग, उ0प्र0 के नियंत्रणाधीन ग्राम पंचायत अधिकारी पद पर चयन हेतु आयोजित लिखित परीक्षा के स्कोर के आधार पर अर्हता/अभिलेख परीक्षण के लिए अर्ह अभ्यर्थियों का श्रेणीवार कटऑफ अंक–

**लम्बवत आरक्षण**

| क्र0सं0 | श्रेणी | कट–ऑफ अंक |
|---|---|---|
| 1 | अनारक्षित | 59.50 |
| 2 | अनुसूचित जाति | 57.50 |
| 3 | अनुसूचित जनजाति | 53.25 |
| 4 | अन्य पिछड़ा वर्ग | 59.50 |
| 5 | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग | 59.50 |

**क्षैतिज आरक्षण**

| क्र0सं0 | श्रेणी | | कट–ऑफ अंक |
|---|---|---|---|
| 1 | स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के आश्रित | | वांछित संख्या में अभ्यर्थी अपनी मूल श्रेणी में समाहित हैं। |
| 2 | दिव्यांगजन | एल0वी0 | 51.75 |
| | | एच0एच0 | 50.25 |
| 3 | महिला | | 56.25 |
| 4 | सैन्य वियोजित/भूतपूर्व सैनिक | | 51.25 |
| 5 | उत्कृष्ट खिलाड़ियों हेतु | | वांछित संख्या में अभ्यर्थी अपनी मूल श्रेणी में समाहित हैं। |

17/10/2025

(अवनीश सक्सेना)
सचिव।